वर्तमान समाजवाद टाइम्स

इको क्लब द्वारा बीट प्लास्टिक पोलूशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन p.g. कॉलेज में इको क्लब द्वारा बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया प्राचार्य प्रोफेसर सपना वर्मा ने छात्राओं से कॉलेज प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त रखने का प्रण लेने के लिए उत्साहित किया और अपने साथ अपने पारिवारिक सदस्यों को भी जागरूक करने के लिए कहा घर से गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा खड़ा करने की आदत को जीवन शैली में अपनाने का बल दिया जंतु विज्ञान विभाग प्रभारी प्रोफेसर सीमा सिंह ने इकोस्टार छात्रों अनामिका रावत प्रतिमा सिंह श्वेता वैशाली यादव स्नेहा कुमारी वर्तिका शर्मा हरीशा बानो अजय यादव के नामों की घोषणा की और छात्राओं को संबोधित किया।

प्लास्टिक मुक्त कॉलेज रखने का संकल्प

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में ईको क्लब ने कार्यक्रम किया। प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं को कॉलेज को प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प दिलाया। मौके पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी हुई, जिसमें 30 छात्राओं में से रिया कुमारी प्रथम, आंचल व वंशिका द्वितीय और आकृति मौर्य तृतीय रहीं। (संवाद)

रीयूज, रीड्यूज व रिफ्यूज से करें पर्यावरण संरक्षण

लखनऊ। नवयुग कन्या व नारी शिक्षा निकेतन कॉलेज में शनिवार को छात्राओं ने प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया। नवयुग में एनसीसी विंग की कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम 'मिशन लाइफ–बीट प्लास्टिक पल्यूशन' पर जागरूकता अभियान आयोजित किया। बताया कि रीयूज, रीड्यूज व रिफ्यूज को अपना कर हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं।

[redacted]